News Paper PG-no :-2

धनबाद, गुरुवार
15 अगस्त, 2024
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+8=32

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
झारखंड, बिहार, प. बंगाल, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

आइटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा 13

थोक महंगाई में मिली राहत, लेकिन निर्यात की स्थिति बिगड़ी 13

www.jagran.com

## समाचार सार

# चिरेका में मना विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

संस, जागरण, मिहिजाम (जामताड़ा) : रेलवे बोर्ड के निर्देश पर चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस मौके पर उक्त समय पर भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके संबंधित इतिहास का प्रदर्शन किया गया। इसमें विभाजन की विभीषिका से जुड़ी स्मृतियों की जानकारी और तस्वीरों को डिजिटल स्वरूप में प्रदर्शित किया गया। इस दौरान सुरंजना एवं सुरोवाणी सांस्कृतिक दल के द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर



चिरेका में विभाजन विभीषिका दिवस पर डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन करते पदाधिकारी • जागरण

मुख्य अतिथि चिरेका के कार्यवाहक महाप्रबंधक सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर, प्रधान विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

News Paper PG-no :- 9

हिन्दुस्तान

# चिरेका में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया

मिहिजाम, प्रतिनिधि। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर चिरेका में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की गई । इस मौके पर उक्त समय पर भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके संबंधित इतिहास का प्रदर्शन किया गया। जिसमें विभाजन के विभीषिका से जुड़ी स्मृति जानकारियों और तस्वीरों को डिजिटल स्वरूप में प्रदर्शित की गई। इस मौके पर सुरंजना एवं सुरोवाणी सांस्कृतिक दल के द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस प्रदर्शनी का परिदर्शन मुख्य अतिथि कार्यवाहक महाप्रबंधक सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर, प्रधान विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

News Paper PG-no :- 4

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

खनिजों से होनेवाली आय का मामला : सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश   डॉक्टर रेप-मर्डर केस : सीबीआइ जांच शुरू

**चिरेका में मना विभाजन का विभीषिका दिवस : मिहिजाम.** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया. तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की गयी. विभाजन के समय भारतीय रेल की भूमिका और उससे संबंधित इतिहास का प्रदर्शन किया गया.